# आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में निवेश करेगा ऑस्ट्रेलिया

## ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त ने की उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा से मुलाकात



ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ फेरल ने डॉ. दिनेश शर्मा से मुलाकात की।

लखनऊ। ऑस्ट्रेलिया के निवेशक प्रदेश में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में निवेश करेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश और ऑस्ट्रेलिया के बीच स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा का भी आदान प्रदान होगा। ऑस्ट्रेलिया के छह उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों के कैंपस यूपी में स्थापित किए जाएंगे। विधानमंडल भवन में शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा और ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ फेरल के बीच हुई मुलाकात में निवेश और शिक्षा के आदान-प्रदान पर सहमति बनी।

उप मुख्यमंत्री ने फेरल से बातचीत में ऑस्ट्रेलिया के 6 उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों के कैंपस उत्तर प्रदेश में भी खोलने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों को ऑस्ट्रेलिया में उच्च शिक्षा में अन्य विषयों के अध्ययन के साथ-साथ तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा विशेषकर मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में दक्षता प्रदान करने की आवश्यकता जताई। बातचीत में स्कूली शिक्षा में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी बच्चों के एक्सचेंज कार्यक्रम आयोजित करने पर भी सहमति बनी। प्रदेश में स्कूली खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ऑस्ट्रेलिया में उच्च कोटि के प्रशिक्षकों के माध्यम से निशुल्क प्रोफेशनल प्रशिक्षण कैंपस की सुविधा उपलब्ध कराने समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। उत्तर प्रदेश इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति आने के बाद ऑस्ट्रेलिया तथा अन्य देशों के विश्वविद्यालयों के लिए उत्तर प्रदेश में कैंपस खोलने संभावना पैदा हुई है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालयों के कैंपस यूपी में स्थापित करने पर रुचि दिखाई। ब्यूरो